
# लखनऊ के 5000 घर सूरज से ले रहे ऊर्जा

**ऊर्जा संरक्षण दिवस**

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। लखनऊ में बीते पांच साल में सौर ऊर्जा प्लांट की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। पांच हजार लोग सूरज से ऊर्जा ले रहे हैं। इससे हर साल करीब 50 मिलियन यूनिट बिजली की बचत होती है। साथ ही जिन घरों में सौर ऊर्जा प्लांट लगा हुआ है, वे बिजली बिल भी बचा रहे हैं। ये सौर ऊर्जा प्लांट से मिली अतिरिक्त बिजली को बेच भी रहे हैं। यह राशि उनके बिजली बिल में समायोजित हो जाती है।

बिजली अधिकारियों के अनुसार एक यूनिट की कीमत करीब 6 रुपये है। लेसा में 11.50 लाख उपभोक्ता हैं। सौर ऊर्जा से डिस्कॉम पर निर्भरता घटाने की कवायद रंग ला रही है। नेट मीटर से उपभोक्ता आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आप सौर ऊर्जा प्लांट लगाएं और अतिरिक्त बिजली बेच सकते हैं।

लखनऊ मंडल ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है जिसके लिए विशिष्ट पुरस्कार मिले हैं।



**06** रुपये के करीब आती है एक यूनिट की कीमत

**11** लाख से अधिक उपभोक्ता हैं इस समय लेसा में

■ **IR-NIYANTRAC** एप लॉच किया निगरानी के लिए

## सिर्फ एक बार आता खर्च

गोमतीनगर निवासी रूप कुमार शर्मा ने बताया कि रूफ टॉप प्लांट पर एक बार खर्चा आता है। पांच साल तक देख रेख फ्री है। 3 किलो वॉट के प्लांट के लिए 01 लाख खर्च किए। 45 हजार रुपये सब्सिडी मिली थी।

## सौर ऊर्जा प्लांट की संख्या पांच गुना बढ़ी

सोलर विशेषज्ञ व इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के सदस्य हिमांशु कुमार ने बताया कि बीते पांच साल में सौर ऊर्जा प्लांट की संख्या में पांच गुना इजाफा हुआ है। वर्ष 2019 में शहर में 915 घरेलू उपभोक्ता सोलर रूफ टॉप नेट मीटरिंग प्रणाली पर निर्भर थे। वर्ष 2023 में 5519 घरों में सौर ऊर्जा का प्रयोग किया जा रहा है। बिजली की जरूरत का 70 फीसदी हिस्सा सौर ऊर्जा से प्राप्त किया जाता है।